मध्य प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के उपक्रम

4729. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कार्यरत सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के नाम क्या हैं और ये कहां-कहां स्थित हैं ;

(ख) प्रत्येक उपक्रम में अभी तक कुल कितना निवेश किया गया है ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इन उपक्रमों को हुए वर्षवार लाभ अथवा हानि का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोकउद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन (क) से (ग) मध्य प्रदेश में स्थित पंजीकृत कार्यालयों वाले केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के नाम व उनकी अवस्थिति 31-3-1991 तक सामान्य शेयरों व ऋणों के रूप में कुल पूंजीनिवेश और पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के इन उद्यमों के निवल लाभ/हानि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

(लाख रुपयों में)

क्र० सं०	सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के नाम	अवस्थिति	31-3-91 तक पूंजीनिवेश (सामान्य शेयर व ऋण)	शुद्ध लाभ/हानि		
				1990-91	1989-90	1988-89
1.	मध्य प्रदेश अशोक होटल निगम लि०	भोपाल	341	-33	-18	00
2.	नेपा लिमिटेड	नेपानगर	8725	620	-388	-514
3.	नार्दर्न कोलफील्डस लि०	सिंगरोली	210033	2258	90	357
4.	ने०टे०का० (मध्य प्रदेश) लि०	इंदौर	21629	-1978	-1838	-4466
5.	साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लि०	बिलासपुर	176079	-2079	-3232	-4756

बहुराष्ट्रिक कंपनियों अनिवासी भारतीयों द्वारा पृथक नगरों की स्थापना

4730. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** 9 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 178 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बहुराष्ट्रिक कंपनियों तथा अनिवासी भारतीयों की ओर से देश में औद्योगिक विकास के लिए पृथक नगर स्थापित करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या हैं ?

उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा साही (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।